महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2022 / 01 दिनांकः 22.09.2022

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय परिसर।

2. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / सचिव
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।

विषयः **टैबलेट / स्मार्ट फोन वितरण हेतु वर्ष 2022–2023 के फाइनल ईयर के छात्र / छात्राओं का डाटा एक्सेल पर तैयार करने तथा वर्ष 2021–2022 में त्रुटिवश फीड डाटा को डिलीट / संशोधित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश डेबलपमेंट सिस्टम कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ के पत्रांक संख्या डी / 22–23 / 2491 दिनांक 19.09.2022 के द्वारा डिजीशक्ति पोर्टल पर सत्र 2021–22 के छात्र–छात्राओं के पूर्व से संरक्षित डाटा को सत्र 2022–23 के लिये निम्न दिये गये बिन्दुओं के अनुसार एडिट / अपडेट एवं नये छात्र / छात्राओं का डाटा अपलोड किये जाने का प्राविधान उपलब्ध कराया गया है–

1. छात्र / छात्राओं का स्टेटस अपडेट जोकि कि निम्न 3 श्रेणियों के अन्तर्गत होगा–
   - प्रमोटेड / पास (संस्थान छात्र–छात्राओं के वर्तमान सत्र का चयन कर सकेगा)।
   - फेल
   - संस्थान छोड़ना
2. छात्र / छात्राओं के ई–मेल आई.डी., मोबाइल नं., आधार नं.(वैकल्पिक), कोर्स का नाम एवं वर्तमान सत्र को एडिट करना।
3. नये एवं छूटे हुये छात्र / छात्राओं का डाटा डिजीशक्ति पोर्टल पर उपलब्ध एक्सेल प्रारूप को डाउनलोड कर भरने के उपरान्त अपलोड करना।

अवगत है कि उक्त प्रक्रिया हेतु डिजीशक्ति पोर्टल को दिनांक 19.09.2022 से पुनः खोल दिया गया है।

अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) / जनपदीय नोडल अधिकारी, बरेली के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, लखनऊ की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत बैठक में वर्ष 2022–2023 (फाइनल ईयर) में अध्यनरत छात्र / छात्राओं का डाटा डिजीशक्ति पोर्टल पर अपलोड किए जाने हेतु डाटा एक्सल शीट पर तैयार कराकर डिजीशक्ति पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2021–2022 में जो डाटा आपके द्वारा त्रुटिवश गलत फीड / वैरिफाई किया गया हो, को एक मौका देते हुये डिजीशक्ति पोर्टल पर डिलीट / अपलोड(संशोधन) किया जा रहा है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि उक्तानुसार समस्त कॉलेजों के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि!: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, बरेली–मुरादाबाद मण्डल।
2. अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) / जनपदीय नोडल अधिकारी, बरेली।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. श्री रविन्द्र कुमार गौतम, वेबसाइट प्रभारी।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner